-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.03.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही तेज करते हुए 03 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा घोषित कराते हुये 06 माह के लिये कराया गया जिला बदर।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है जो लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते है। इसी क्रम में 03 अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधि0 के तहत कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय अपर जिलाधिकारी बांदा द्वारा 06 माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्तों 1. ठोकिया उर्फ प्रदीप पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी ग्राम गहबरा थाना कालिंजर 2. जंगू उर्फ अरविन्द पुत्र श्यमासुन्दर रैदास नि0 घूरी थाना बिसंडा व 3. तेजराम पुत्र धर्मराज केवट नि0 मोहारी थाना बबेरु, लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे इन पर पूर्व में कई अभियोग भी पंजीकृत है। अभियुक्तों द्वारा किसी न किसी माध्यम से लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित किया जा सकता था। पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा गुण्डा अधि0 1970 के तहत गुण्डा घोषित कराते हुये 06 माह के लिये जिला बदर कराया गया।